Series : N4KLM

**SET-3**

प्रश्न-पत्र कोड **3/4/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

{}

नोट :

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **15** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं –* ***खंड-क, ख, ग, घ*** *।*

*(iii)* ***खंड-क*** *में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है ।*

*(iv)* ***खंड-ख*** *में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है ।*

*(v)* ***खंड-ग*** *में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है ।*

*(vi)* ***खंड-घ*** *में कुल 4 प्रश्न हैं ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है, यद्यपि, कुछ खंडों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*(viii)* *यथासंभव* ***सभी*** *खंडों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – क

**(अपठित बोध)** **(14)**

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

आकार में छोटी, पर प्रभाव में अद्वितीय चींटी, प्रकृति के सबसे संगठित और उद्देश्यपूर्ण प्राणियों में से एक है । भागवत पुराण और कई क्षेत्रीय भारतीय ग्रंथों में चींटियों की परिश्रमशीलता और सहयोग भावना को मानव आचरण का आदर्श बताया गया है । चींटियाँ हमें सिखाती हैं कि नेतृत्व पद से नहीं, बल्कि प्रतिबद्धता, सहयोग और निरंतरता से परिभाषित होता है ।

अकेली चींटी असहाय हो सकती है, परंतु समूह में वे असंभव को संभव कर देती हैं । यही सहयोगात्मक नेतृत्व का सार है । एक सच्चा नेता मात्र स्वयं की सफलता की आकांक्षा नहीं रखता, अपितु वह ऐसे तंत्र का निर्माण करता है, जहाँ सभी मिलकर योगदान दें और सभी सफलता प्राप्त करें ।

चींटियों का जीवन अत्यंत अनुशासित होता है । बिना बाहरी निगरानी के, वे भोजन संचित करती हैं । सुरंगें बनाती हैं और चुनौतियों का सामना करती हैं । चींटी यह सिखाती है कि महान उपलब्धियाँ किसी एक विलक्षण कार्य से नहीं, बल्कि छोटे-छोटे, पर नियमित उद्देश्यपूर्ण प्रयासों से बनती हैं । चींटियाँ ध्यान आकर्षित नहीं करतीं । वे मौन भाव से योगदान देती हैं । यह 'निष्काम कर्म' की भावना का प्रतिबिंब है, यानि बिना फल की आसक्ति से किया गया कर्म । चींटी हमें सिखाती है कि शक्ति आकार से मापी नहीं जाती और ध्वनि से प्रभावित नहीं होती । वे सिद्ध करती हैं कि अनुशासन, विनम्रता, सहयोग और दृष्टि से, सबसे छोटा प्राणी भी अपना प्रभाव छोड़ सकता है । आज के तेज़ी और व्यक्तिवाद से भरे युग में, चींटी हमें बताती है कि शांति से किया गया तप और सामूहिक प्रयत्न ही सच्ची संस्कृति का निर्माण करते हैं ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश किस विषय-वस्तु पर आधारित है ? **1**

(A) चींटियों के लघु आकार पर

(B) चींटियों के प्रेरक जीवन पर

(C) निष्काम कर्म-भावना पर

(D) आदर्श नेता के गुणों पर

(ii) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए : **1**

**कथन** : आकार से शक्ति का आकलन नहीं किया जा सकता ।

**कारण** : शक्ति केवल शारीरिक आकार पर निर्भर नहीं करती । मनुष्य की बौद्धिक क्षमता भी शक्ति को प्रभावित करती है ।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(iii) चींटियों के किस गुण को मानव आचरण का आदर्श बताया गया है ? 1

इस प्रश्न के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

(I) सहयोग (II) असहाय

(III) परिश्रमशीलता (IV) अनुशासन

**विकल्प :**

(A) कथन (I) और (II) सही हैं ।

(B) कथन (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) कथन (I), (III) और (IV) सही हैं ।

(D) केवल कथन (IV) सही है ।

(iv) चींटी 'निष्काम कर्म' की भावना का प्रतीक है, कैसे ? 2

(v) सहयोगात्मक नेतृत्व क्या है ? इसके किसी एक लाभ का उल्लेख कीजिए । 2

2. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7

पंथ पर चलना तुझे तो मुस्कुराकर चल मुसाफिर !
वह मुसाफिर क्या जिसे कुछ शूल ही पथ के थका दें ?
हौसला वह क्या जिसे कुछ मुश्किलें पीछे हटा दें ?
वह प्रगति भी क्या जिसे कुछ रंगीन कलियाँ तितलियाँ
मुस्कुराकर गुनगुनाकर ध्येय-पथ, मंजिल भुला दें ?
ज़िंदगी की राह पर केवल वही पंथी सफल है,
आँधियों में, बिजलियों में जो रहे अविचल मुसाफिर !
पंथ पर चलना तुझे तो मुस्कुराकर चल मुसाफिर ।।
जानता जब तू कि कुछ भी हो तुझे बढ़ना पड़ेगा,

आँधियों से ही न खुद से भी तुझे लड़ना पड़ेगा,
सामने जब तक पड़ा कर्त्तव्य–पथ तब तक मनुज ओ !
मौत भी आए अगर तो मौत से भिड़ना पड़ेगा,
है अधिक अच्छा यही फिर पंथ पर चल मुस्कुराता,
मुस्कुराती जाए जिससे ज़िंदगी असफल मुसाफिर !
पंथ पर चलना तुझे तो मुस्कुराकर चल मुसाफिर !

(i) कवि किसको मुस्कुराकर चलने के लिए कह रहे हैं ? 1

(A) सफ़ल मुसाफिर को

(B) असफ़ल मुसाफिर को

(C) अविचल मुसाफिर को

(D) साहसी मुसाफिर को

(ii) 'वह मुसाफिर क्या जिसे कुछ शूल ही पथ के थका दें ?' पंक्ति में 'पथ के शूल' का अर्थ है : 1

उचित विकल्प का चयन कीजिए –

(I) पथ की बाधाएँ

(II) पथ की असफ़लताएँ

(III) पथ की सरलता

(IV) पथ की सफ़लता

**विकल्प :**

(A) विकल्प (I) और (II) सही हैं ।

(B) विकल्प (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) विकल्प (I), (III) और (IV) सही हैं ।

(D) केवल विकल्प (IV) सही है ।

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए : 1

**कथन** : 'मौत भी आए अगर तो मौत से भिड़ना पड़ेगा'

**कारण** : मनुष्य जब कर्त्तव्य पथ पर चलता है तो उसे हर कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ता है ।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(iv) 'आँधियों से ही नहीं खुद से भी तुझे लड़ना पड़ेगा' पंक्ति से क्या अभिप्राय है ? 2

(v) काव्यांश में प्रयुक्त 'मुस्कुराकर चलने' से क्या आशय है ? 2

## खंड – ख

### (व्यावहारिक व्याकरण) (16)

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) लोगों ने जोकर की बातें सुनीं और हँस पड़े । (सरल वाक्य में बदलिए)

(ii) आज तुम घर पर रहकर जानवरों की देख-रेख का काम करो । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(iii) छत पर दाना देखते ही कबूतर आ गए । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(iv) जहाँ-जहाँ सिंचाई की व्यवस्था है, वहाँ-वहाँ फसलें खूब पैदा होती हैं । (वाक्य-भेद लिखिए)

(v) वे छात्र, जो कल नहीं आए थे खड़े हो जाएँ । (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) बालगोबिन भगत कबीर के भजन गा रहे थे । (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ii) उनके द्वारा कैप्टन की देशभक्ति का सम्मान किया गया । (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(iii) घायल होने के कारण वह उड़ नहीं पाया । (भाववाच्य में बदलिए)

(iv) क्या तुमसे इतनी देर बैठा जायेगा ? (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए)

(v) पुलिस ने अपराधी को पकड़ा । (कर्मवाच्य में बदलिए)

5. निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) सुरभि विद्यालय से अभी-अभी आई है ।

(ii) बच्चे खुशी से खेल रहे हैं ।

(iii) गांधीजी आजीवन मानवता की सेवा करते रहे ।

(iv) अरे वाह ! तुम भी पुस्तक पढ़ सकते हो ।

(v) क्या तुमने काम पूरा किया ?

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों की रेखांकित काव्य-पंक्तियों में अलंकार पहचानकर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) वन शारदी चंद्रिका-चादर ओढ़े ।

(ii) मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ ।

(iii) देखि सुदामा की दीन दशा करुणा करके करुणानिधि रोए ।
पानी परात को हाथ छुऔ नहीं, नैनन के जल सौं पग धोए ।।

(iv) कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए ।
हिम के कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए ।।

(v) आज सिंधु ने विष उगला है, लहरों का यौवन मचला है ।

## खंड – ग

**(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)** **(30)**

7. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

मधुप गुन-गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी ।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन-इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य-मलिन उपहास
तब भी कहते हो – कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती ।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे-यह गागर रीती ।
किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले –
अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले ।

(i) 'पत्तियों का मुरझाकर गिरना' किसका प्रतीक है ?
   (A) जीवन की बाधाओं का
   (B) जीवन की अनंतता का
   (C) जीवन की नश्वरता का
   (D) जीवन की निश्चितता का

(ii) 'तुम सुनकर सुख पाओगे' पंक्ति में 'तुम' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?
   (A) मित्रों के लिए
   (B) प्रेयसी के लिए
   (C) अंतर्मन के लिए
   (D) पाठकों के लिए

(iii) कवि ने अपने मित्रों से क्या-क्या सवाल किए हैं ?

इस प्रश्न के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए :

(I) क्या तुम मेरे जीवन के खालीपन को देखकर सुखी हो पाओगे ?

(II) कहीं मेरे जीवन का सुख लेकर तो तुमने अपने जीवन को नहीं भर लिया है ?

(III) आत्म-कथाओं का उपहास उड़ाया जाता है फिर तुम क्यों चाहते हो कि मैं अपनी दुर्बलता लिखूँ।

**विकल्प :**

(A) विकल्प (I) और (II) सही हैं।

(B) विकल्प (I), (II) और (III) सही हैं।

(C) विकल्प (II) और (III) सही हैं।

(D) केवल विकल्प (I) सही है।

(iv) काव्यांश के संदर्भ में 'रीती गागर' से क्या अभिप्राय है ?

(A) धन-संपत्ति का अभाव

(B) जीवन में कोई अपना न होना

(C) सम्मान से रहित जीवन

(D) उपलब्धियों से रहित जीवन

(v) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए :

**कथन :** कवि अपने जीवन की दुर्बलता समाज के सामने नहीं लाना चाहता।

**कारण :** लोगों के बीच कटाक्षपूर्ण मज़ाक बनने का भय।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ही ग़लत हैं।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

8. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में दीजिए : **$3 \times 2 = 6$**

(i) सूरदास द्वारा रचित 'पद' में 'गुर चाँटी ज्यों पागी' कहने से गोपियों की किस मनोदशा की अभिव्यक्ति होती है ?

(ii) 'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' के आधार पर लिखिए लक्ष्मण और श्री राम के वचनों में मुख्य अंतर क्या था ?

(iii) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की कविता 'उत्साह' तथा 'अट नहीं रही है' में कौन–कौन सी ऋतुओं का वर्णन हुआ है ? आपको कौन सी ऋतु पसंद है और क्यों ? किसी एक कारण का उल्लेख कीजिए ।

(iv) 'संगतकार' कविता में 'नौसिखिया' से क्या अभिप्राय है ? गायक को उसका बचपन कौन याद दिलाता है ?

9. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **$5 \times 1 = 5$**

उस समय तक हमारे परिवार में लड़की के विवाह के लिए अनिवार्य योग्यता थी – उम्र में सोलह वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक । सन् '44 में सुशीला ने यह योग्यता प्राप्त की और शादी करके कोलकाता चली गई । दोनों बड़े भाई भी आगे पढ़ाई के लिए बाहर चले गए । इन लोगों की छत्र–छाया के हटते ही पहली बार मुझे नए सिरे से अपने वज़ूद का एहसास हुआ । लड़कियों को जिस उम्र में स्कूली शिक्षा के साथ–साथ सुघड़ गृहिणी और कुशल पाक–शास्त्री बनने के नुस्खे जुटाए जाते थे, पिताजी का आग्रह रहता था कि मैं रसोई से दूर ही रहूँ । रसोई को वे भटियारखाना कहते थे और उनके हिसाब से वहाँ रहना अपनी क्षमता और प्रतिभा को भट्टी में झोंकना था ।

(i) लड़की की वैवाहिक योग्यता से सिद्ध होता है, उस परिवार की –

(A) स्वतंत्र विचारधारा

(B) परंपरावादी मान्यता

(C) पाश्चात्य विचारधारा

(D) अत्याधुनिक सोच

(ii) उस समय लेखिका के परिवार में लड़की के विवाह के लिए अनिवार्य योग्यता क्या थी ?

(A) उम्र में सोलह वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक

(B) उम्र में बारह वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक

(C) उम्र में सोलह वर्ष और शिक्षा में बारहवीं

(D) उम्र में अठारह वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक

(iii) लेखिका को रसोई से दूर रखने के पीछे, लेखिका के पिता का क्या उद्देश्य था ?

(A) उसे घरेलू कामों से दूर रखना

(B) उसकी क्षमता और प्रतिभा को विकसित करना

(C) अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बनाए रखना

(D) स्वयं पाक–कला के महत्त्व से अपरिचित रहना

(iv) बड़े बहन–भाई के परिवार से जाने के बाद क्या हुआ ? इस प्रश्न के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए :

(I) परिवार में लेखिका का महत्त्व बढ़ गया ।

(II) पिताजी का ध्यान पहली बार लेखिका पर केंद्रित हुआ ।

(III) लेखिका को अपने अस्तित्व का बोध हुआ ।

(IV) लेखिका को पाक–शास्त्र पढ़ाया जाने लगा ।

**विकल्प :**

(A) विकल्प (I) और (II) सही हैं ।

(B) विकल्प (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) विकल्प (II) और (III) सही हैं ।

(D) केवल विकल्प (IV) सही है ।

(v) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए :

**कथन** : लेखिका के पिता रसोई को भटियारखाना कहते थे ।

**कारण** : उनके हिसाब से वहाँ रहना अपनी क्षमता और प्रतिभा को भट्टी में झोंकना था ।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

10. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(i) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में वर्णित नेताजी की मूर्ति को चश्मा पहनाने वाले व्यक्ति को किस नाम से पुकारा जाता था ? उसका पेशा और आर्थिक स्थिति कैसी थी ? उसके व्यक्तित्व के किस गुण ने आपको प्रभावित किया है ?

(ii) 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर लिखिए कि हर वर्ष गंगा-स्नान जाते समय भगत किस नेम-व्रत का पालन करते थे ?

(iii) 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक ने यात्रा करने के लिए सेकंड क्लास का टिकट क्यों खरीदा ?

(iv) बिस्मिल्ला खाँ काशी छोड़कर अन्यत्र क्यों नहीं जाना चाहते थे ? 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर लिखिए ।

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(i) मूसन तिवारी को बैजू ने चिढ़ाया था, पर उसकी सजा भोलानाथ को क्यों भुगतनी पड़ी ? क्या ऐसा आपके साथ भी हुआ है ? अपने अनुभव को 'माता का अँचल' पाठ के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखिका ने किस चलायमान सौंदर्य को जीवन का आनंद कहा है । उनका ऐसा कहना कितना उचित है और क्यों ?

(iii) लेखक ने हिरोशिमा में पत्थर पर लिखी कौन-सी त्रासदी (ट्रेजिडी) देखी ? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लिखिए ।

## खंड – घ

## (रचनात्मक लेखन) **(20)**

12. (i) रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । इसके प्रचार के लिए सोसायटी की ओर से लगभग **40 शब्दों** में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । **1 × 4 = 4**

**अथवा**

(ii) आप नंदिनी/नंदन हैं । शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने प्रिय अध्यापक को बधाई देते हुए लगभग **40 शब्दों** में एक बधाई एवं शुभकामना संदेश लिखिए ।

13. निम्नलिखित **तीन** विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120 शब्दों** में एक अनुच्छेद लिखिए : **1 × 6 = 6**

(i) मोटापा : गंभीर स्वास्थ्य समस्या

- मोटापे का कारण क्या है ?
- मोटापा स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है ?
- संभावित समाधान

(ii) मधुर वाणी का प्रभाव

- वाणी की मधुरता का आशय
- मधुर वाणी का प्रभाव
- मधुर वाणी की आवश्यकता

(iii) मुझे कक्षा-प्रतिनिधि (मॉनिटर) बनना क्यों पसंद है ?

- नेतृत्व का आनंद
- जिम्मेदारी का अहसास
- अध्यापक/अध्यापिकाओं द्वारा मिलने वाला महत्त्व

14. (i) आप ज्योति/प्रकाश हैं । आप सार्वजनिक स्थानों पर कुछ लोगों को धूम्रपान करते देखते हैं । उनकी इस आदत से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है । इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग **100 शब्दों** में एक पत्र लिखिए । **$1 \times 5 = 5$**

**अथवा**

(ii) आप ज्योति/प्रकाश हैं । आपके छोटे भाई ने एक आवासीय विद्यालय में एक मास पूर्व ही प्रवेश लिया है । उसको मित्रों के चुनाव में सावधानी बरतने के लिए समझाते हुए लगभग **100 शब्दों** में एक पत्र लिखिए ।

15. (i) आप अनुराधा/अनुराग हैं । आपने बी.टेक. (कंप्यूटर साइंस) की डिग्री हासिल की है । एक दैनिक समाचार-पत्र में डाटा एनालिस्ट की नौकरी का विज्ञापन जारी हुआ है । इसके लिए लगभग **80 शब्दों** में अपना एक स्ववृत्त लेख तैयार कीजिए । **$1 \times 5 = 5$**

**अथवा**

(ii) आप अनुराधा/अनुराग हैं । आपके क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पहले अनियमित थी । उसमें अब पर्याप्त सुधार हुआ है । विद्युत आपूर्ति निगम के महानिदेशक को धन्यवाद ज्ञापन के लिए लगभग **80 शब्दों** में एक ई-मेल लिखिए ।

---